हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

06 प्रस्तावित मार्ग खटाई में, रहवासियों ने कहा-अब...



08 प्रशासन अलर्टः कराया गया पानी का परीक्षण





## खबर संक्षेप में

### छापामार कार्रवाई में 5 घरेलू सिलेंडर किए जब्त

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि जांच के दौरान कुबेरेश्वर धाम स्थित 3 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा की गई।

### महाशिवरात्रि पर 25 क्विंटल फलाहारी खिचड़ी का वितरण होगा

**सीहोर।** 15 फरवरी 2026 महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमीता अरोरा द्वारा नगर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में 25 क्विंटल खिचड़ी एवं मट्ठे का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं, भक्तों के लिए मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर भक्त खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करें। उन्होंने बताया कि सीहोर के कुबेरेश्वर धाम पर भी भव्य रूद्राक्ष महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए लाखों लोग सीहोर पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अरोरा परिवार एवं अरोरा मित्र मंडल द्वारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### 1 से 30 मई और फिर 2027 में काम, खुद भर सकेंगे जानकारी

**सीहोर।** नगर में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस जनगणना का कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा और यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जनगणना का पहला चरण, जिसमें मकान सूचीकरण का कार्य शामिल है।

## देश के प्रमुख शहरों से सीहोर की कनेक्टिविटी, श्रद्धालुओं को होगी सहूलियत

# रुद्राक्ष महोत्सव में सीहोर को सौगात 21 एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थाई स्टॉप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विश्व प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने जा रहे भव्य रुद्राक्ष महोत्सव 2026 को लेकर इस बार रेलवे और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। पहली बार 21 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों को अस्थायी रूप से सीहोर रेलवे स्टेशन पर रोका जाएगा। यह सुविधा 13 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक कुल 10 दिनों के लिए लागू रहेगी, जिससे देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सीधी और सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी।

### तिरुवनंतपुरम से सीहोर को सीधा रेल संपर्क मिलेगा

इन ट्रेनों के माध्यम से इंदौर, अहमदाबाद, मुंबई, जोधपुर, पुरी, वाराणसी, पटना, कोलकाता, हैदराबाद, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम जैसे बड़े शहरों से सीहोर को सीधा रेल संपर्क मिलेगा। इससे श्रद्धालुओं को भोपाल या इंदौर उतरकर सड़क मार्ग से आने की परेशानी नहीं होगी और वे सीधे कुबेरेश्वर धाम के नजदीक सीहोर स्टेशन पर उतर सकेंगे। ज्ञात रहे हाल ही में 19489/19490 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस और 19091/19092 मुंबई बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस का सीहोर रेलवे स्टेशन पर स्थायी स्टॉपेज शुरू किया गया है। इससे सीहोर की रेल कनेक्टिविटी को स्थायी मजबूती मिली है और रुद्राक्ष महोत्सव के बाद भी यात्रियों को इसका लाभ मिलता रहेगा।

### 10 एकड़ में भोजनशाला

श्रद्धालुओं के लिए 10 एकड़ क्षेत्र में विशाल भोजनशाला तैयार की गई है। पेयजल व्यवस्था के तहत एक लीटर पानी की बोतल मात्र 5 रुपये में उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुबेरेश्वरधाम से रेलवे स्टेशन तक लगभग 20 अस्थायी अस्पताल स्थापित किए जा रहे हैं। पूरे परिसर में 256 हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे हर गतिविधि पर निगरानी रखी जाएगी।

### सीहोर स्टेशन पर अस्थाई ठहराव प्राप्त 21 एक्सप्रेस ट्रेनें

1. 12923/12924 – डॉ. अंबेडकर नगर (दादर नगर) ⇄ नागपुर ⇄ डॉ. अंबेडकर नगर
2. 19301/19302 – डॉ. अंबेडकर नगर ⇄ यशवंतपुर ⇄ डॉ. अंबेडकर नगर
3. 22911/22912 – इंदौर ⇄ हावड़ा ⇄ इंदौर
4. 12719/12720 – जयपुर ⇄ हिसार ⇄ जयपुर
5. 17019/17020 – हिसार ⇄ हैदराबाद ⇄ हिसार
6. 22909/22910 – वलसाड ⇄ पुरी ⇄ वलसाड
7. 20814/20813 – जोधपुर ⇄ पुरी ⇄ जोधपुर
8. 15560/15559 – अहमदाबाद ⇄ दरभंगा ⇄ अहमदाबाद
9. 19413/19414 – अहमदाबाद ⇄ कोलकाता (कोआ) ⇄ अहमदाबाद
10. 22829/22830 – भुज ⇄ शालीमार (कोलकाता) ⇄ भुज
11. 22673/22674 – जोधपुर ⇄ मन्नारगुड़ी ⇄ जोधपुर
12. 22468/22467 – गांधीनगर कैपिटल ⇄ वाराणसी ⇄ गांधीनगर कैपिटल
13. 20414/20413 – इंदौर ⇄ वाराणसी ⇄ इंदौर
14. 20416/20415 – इंदौर ⇄ वाराणसी ⇄ इंदौर
15. 14115/14116 – डॉ. अंबेडकर नगर ⇄ प्रयागराज ⇄ डॉ. अंबेडकर नगर
16. 19313/19314 – इंदौर ⇄ पटना ⇄ इंदौर
17. 19321/19322 – इंदौर ⇄ पटना ⇄ इंदौर
18. 19305/19306 – डॉ. अंबेडकर नगर ⇄ कामाख्या (गुवाहाटी) ⇄ डॉ. अंबेडकर नगर
19. 19489/19490 – अहमदाबाद ⇄ गोरखपुर ⇄ अहमदाबाद
20. 22645/22646 – इंदौर ⇄ तिरुवनंतपुरम ⇄ इंदौर
21. 22191/22192 – इंदौर ⇄ जबलपुर ⇄ इंदौर

-ये सभी ट्रेनें 13 फरवरी से 22 फरवरी तक रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान सीहोर रेलवे स्टेशन पर अस्थायी रूप से रुकेंगी।

### पिछले साल 5 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे ट्रेनों से

गत वर्ष रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान करीब 5 लाख श्रद्धालु केवल ट्रेनों से सीहोर पहुंचे थे। भारी भीड़ के कारण यात्रियों को अव्यवस्था और असुविधाओं का सामना करना पड़ा था। इस अनुभव से सीख लेते हुए इस बार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो पर अस्थायी टेंट, पेयजल, अतिरिक्त सुरक्षा बल और स्वयंसेवकों की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन का मानना है कि यह ऐतिहासिक पहल सीहोर को धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। रुद्राक्ष महोत्सव अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सीहोर की पहचान बन चुका है, जहां आस्था के साथ विकास की नई राहें भी खुल रही हैं।

## बैठक में आयोजन पर की चर्चा

# 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत लगेगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा जारी निर्देशों के पालन में वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026 (शनिवार) को किया जाना है। आगामी नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर गुरूवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी. एस. चौहान की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष द्वारा विद्युत विभाग, नगर पालिका, बैंकों एवं अन्य फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए कि नेशनल लोक अदालत हेतु प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को शीघ्र तैयार कर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जाए, ताकि संबंधित प्रकरणों में समय पर सूचना पत्र जारी किए जा सकें। साथ ही नेशनल लोक अदालत से पूर्व प्री-लोक अदालत अथवा प्री-सिटिंग बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। प्री-लिटिगेशन प्रकरण प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अश्विनी सिंह द्वारा नगर पालिका के समस्त कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से नेशनल लोक अदालत के जिंगल द्वारा प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सभी विभागों को ऐसे ग्रामों को चिन्हित करने के लिए कहा गया, जहां बैंक डिफॉल्टर अथवा विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरण लंबित हैं, ताकि वहां विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर आमजन को नेशनल लोक अदालत के लाभों से अवगत कराया जा सके। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी, विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री रत्नेश अयाची, कार्यपालन यंत्री मंजेश मिश्रा, अग्रणी बैंक प्रबंधक श्रीकांत सक्सैना, बैंक ऑफ इंडिया से बलजिंदर सिंह भाटिया, अन्य बैंकों के शाखा प्रबंधक, नम्र फाइनेंस कंपनी, श्रीराम फाइनेंस कंपनी तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अधीक्षण यंत्री ने दी समझाइश

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को पारदर्शी व त्वरित सुविधा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

अधीक्षण यंत्री श्री अयाची (आगर वृत्त) ने विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करते हुए बताया कि उपभोक्ता ऊर्जस मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी विद्युत खपत की वास्तविक एवं तुरंत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऐप के जरिए दैनिक खपत का विश्लेषण कर विद्युत संरक्षण से संबंधित निर्णय भी लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऊर्जस ऐप के माध्यम से बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के मीटर रीडिंग एवं बिलिंग की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है, जिससे पूर्ण पारदर्शिता आएगी।

साथ ही औद्योगिक एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं को 0.85 से अधिक पावर फैक्टर बनाए रखने पर प्रोत्साहन की सुविधा भी दी जा रही है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से टाइम ऑफ डे टैरिफ का लाभ 01 अप्रैल 2025 से समस्त श्रेणी के पात्र उपभोक्ताओं को प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इन स्मार्ट मीटरों में नेट मीटरिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि ऊर्जस मोबाइल ऐप के जरिए उपभोक्ता नाम परिवर्तन, लोड परिवर्तन, नवीन कनेक्शन, अस्थायी (टेम्परी) कनेक्शन सहित विभिन्न सेवाओं का लाभ घर बैठे ले सकते हैं। अधीक्षण यंत्री ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे स्मार्ट मीटर एवं ऊर्जस ऐप का अधिक से अधिक उपयोग कर सुविधाओं का लाभ उठाएं और ऊर्जा संरक्षण में सहयोग करें।

# ग्राम धान्याखेड़ी में माता शबरी जन्मोत्सव पर निकला चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

तहसील के ग्राम धान्याखेड़ी में माता शबरी जन्मोत्सव के अवसर पर चल समारोह का आयोजन रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में भील समाजजनों ने भाग लिया। शबरी माता मंदिर में वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा फूल मालाओं के साथ माता शबरी की पूजा अर्चना की गई। धान्याखेड़ी में माता शबरी जन्मोत्सव के अवसर पर ढोल, डीजे, गाजे बाजे के साथ बड़ी ही धूमधाम से चल समारोह ग्राम पचलाना हॉट बाजार से प्रारंभ होकर लसूडिया गोपाल होते हुए मां शबरी माता मंदिर धान्याखेड़ी पर पहुंचा। जहां समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों व समाजजनों द्वारा फूल मालाओं के साथ माता शबरी की पूजा अर्चना की गई।चल समारोह में बड़ी संख्या में भील समाज के बालक बालिका महिला समेत समाज के लोगों ने भाग लिया। आयोजन में आनंद दलोदिया प्रशासनिक अधिकारी वायनाड (केरल) पूर्व धर्मशाला अध्यक्ष मांगीलाल भीलाला,शाजापुर जयस जिला अध्यक्ष सुनील भिलाला,आगर जायस जिला अध्यक्ष सुनील भिलाला, पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर मडलोई, जयस प्रहलाद सिंह बाबूजी चकखेड़ा, सम्मेलन समिति कुमारिया खास के आयोजक शंकरलाल भिलाला दुधाना, रमेशचंद्र भिलाला (दलोदिया) ब्लॉक अध्यक्ष बडोदिया, पचलाना से जगदीश, सुनीलकुमार, विक्रम भिलाला और उनकी टीम तथा लसुल्डिया गोपाल से बनेसिंह, अंबाराम भिलाला और उनकी टीम उपस्थित रहीं। सम्मेलन सचिव ने अपने उद्बोधन में समाज को एकता व अखंडता से रहने के लिए समाज को अवगत कराया। कार्यक्रम में रामबाबू भीलाला एवं होकम भीलाला द्वारा सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया गया।

## महाशिवरात्रि पर बाबा का सेहरा सजेगा, बारात में झूमेंगे श्रद्धालु

# शिव आराधना के पर्व की तैयारी शुरू, बाबा गुप्तेश्वर महादेव को विवाह संस्कार के पूर्व लगाई गई मेहंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। नगर के विभिन्न महादेव मंदिरों पर बाबा भोलेनाथ का महा रुद्राभिषेक, महायज्ञ, 56 भोग सहित कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे। गुरुवार को प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर बाबा भोलेनाथ को मेहंदी रस्म के तहत मेहंदी लगाई गई। महाशिवरात्रि पर्व के दिन भगवान भोलेनाथ को दूल्हे के रूप में सेहरा बांधकर नगर भ्रमण पर धूमधाम के साथ निकाला जाएगा।

माता पार्वती एवं शिवजी के विवाह का महापर्व शिवरात्रि पर नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, लालूखेड़ी स्थित जालेश्वर महादेव मंदिर, बड़ागांव स्थित भोगेश्वर महादेव मंदिर, ताखला स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर सहित क्षेत्र तथा नगर के अन्य शिव मंदिरों पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर भोलेनाथ की भक्ति तथा अभिषेक करेंगे। वहीं विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे भक्तों द्वारा महा रुद्राभिषेक के साथ भोले की भक्ति की जाएगी। शिवरात्रि पर्व पर गुप्तेश्वर




महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ दूल्हे के रूप में सेहरा बांधकर फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजित होकर ठाट-बाट के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। स्थान - स्थान पर भक्तों द्वारा भगवान की पूजा अर्चना कर आरती की जावेगी। भोले की बारात में झाकियों के साथ कई आकर्षण के केंद्र भी शामिल रहेंगे।



### मेहंदी की रस्म की गई

महाशिवरात्रि को लेकर श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय महोत्सव चल रहा है। गुरुवार को महादेव मंदिर पर मेहंदी की रस्म हुई। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने बाबा भोलेनाथ को मेहंदी लगाई। श्री गुप्तेश्वर महादेव भक्त मंडल के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर बाबा गुप्तेश्वर महादेव के विवाह के अवसर पर पांच दिवसीय महोत्सव बुधवार से प्रारम्भ हुआ। जिसके अंतर्गत विवाह की सभी रस्में निभाई जाएगी। गुरुवार दोपहर 4 बजे बड़ी संख्या में नगर की महिलाओं ने मेहंदी रंग के वस्त्र धारण कर चल समारोह के रूप में ढोल ढमाकों के साथ गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान गुप्तेश्वर महादेव को मेहंदी लगाकर नृत्य के साथ गीत गान किया।

# हमें अपने आपको कभी भी किसी से कम नहीं मानना चाहिए: पाटीदार

## भारतीय विद्या मन्दिर में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



तहसील के ग्राम कुशलपुरा में संचालित भारतीय विद्या मन्दिर में वर्ष भर चलने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र पाटीदार समाज के सचिव नंदकिशोर पाटीदार ने की। सरस्वती विद्या मन्दिर मोहन बड़ोदिया के अध्यक्ष रामेश्वर जागीरदार के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य सरस्वती विद्या मन्दिर मोहन बड़ोदिया राधेश्याम अंसल नवीन पाटीदार अमेरिकन आर्मी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चो को पुरस्कार वितरित किए गए। नवीन पाटीदार ने बच्चों को बताया कि हमें कभी भी अपने आपको कम नहीं मानना चाहिए और हमें एक-दूसरे की नकल न करके जो हमें अच्छा लगे वह करना चाहिए। हम बाहर रहकर भी देशभक्ति कर सकते हैं। राधेश्याम अंशल ने कार्यक्रम में श्री कृष्ण का भजन सुनाया और बच्चों को भगवान राम कृष्ण स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी। रामेश्वर जागीरदार ने बच्चों को समय का



महत्व बताया और हमारा लक्ष्य कभी छोटा न हो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका लक्ष्मी भलोट ने किया आभार शिक्षक आशीष शर्मा ने माना। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### संस्था नमो-नमो की भव्य एवं अनूठी शिव बारात 15 फरवरी को

**देवास।** संस्था नमो-नमो द्वारा इस वर्ष महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लगातार 13 वे वर्ष में भी भव्य एवं अनूठी शिव बारात का आयोजन किया जा रहा है। शिव बारात रविवार, 15 फरवरी को सायं 5 बजे सयाजी द्वार से प्रारंभ होगी। संस्था संयोजक राजेश यादव एवं अध्यक्ष वरुण अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष की शिव बारात को विशेष रूप से आकर्षक एवं भव्य रूप दिया गया है। देश के विभिन्न राज्यों से कलाकार इसमें शामिल होंगे। केरल की प्रसिद्ध ढोल पार्टी, गुजरात की महिलाओं की डमरू पार्टी, उत्तर प्रदेश की सजीव झांकियां, रतलाम की चलित झांकियां तथा बेरसिया के कलाकारों द्वारा देवताओं की सजीव झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। शिव बारात में भगवान भोलेनाथ नंदी पर सवार होकर माता पार्वती को ब्याहने के लिए प्रस्थान करेंगे, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस अवसर पर देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक गायत्री राजे पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, नंदकिशोर पाटीदार, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, शरद पचूनकर, व विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शिव बारात में श्रद्धालुओं से सहभागिता का आग्रह किया है।

### एमआर-1 रोड निर्माण में देरी पर रहवासी उतरे सड़क पर, किया प्रदर्शन

# प्रस्तावित मार्ग खटाई में, रहवासियों ने कहा-अब आश्वासन नहीं, काम चाहिए

### एमआर-1 बनाओ समिति के बैनर तले रहवासियों ने रखी अपनी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के बहुप्रतीक्षित एमआर-1 रोड निर्माण को लेकर एक बार फिर विवाद और असंतोष सामने आया है। कैलादेवी चौराहा से बायपास तक प्रस्तावित मास्टर प्लान मार्ग के निर्माण में लगातार हो रही देरी से नाराज़ रहवासियों ने गुरुवार को कैलादेवी चौराहे पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। रहवासियों का कहना है कि वर्षों से केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ। यह मार्ग मास्टर प्लान में शामिल एक महत्वपूर्ण सड़क है, जिससे बायपास तक आवागमन सुगम होता और नए बस स्टैंड की दिशा में ट्रैफिक दबाव भी कम होता। आसपास की कई कॉलोनियों में प्लॉट भी इसी आधार पर बेचे गए थे कि यहां से मेजर रोड निकलेगा। अब परियोजना पर अनिश्चितता के बादल मंडराने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार रात बद्रीधाम नगर एक्सटेंशन में रहवासियों की बैठक हुई, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई।

#### समिति के बैनर तले आंदोलन

गुरुवार को रहवासियों ने एमआर-1 बनाओ समिति के बैनर तले अपनी मांगें रखीं और प्रशासन से शीघ्र निर्माण शुरू करने की मांग की। समिति के सदस्य राहुल ने बताया कि एमआर-1 की स्थिति लगातार खराब हो रही है और मास्टर प्लान के तहत इसका निर्माण होना अनिवार्य है। प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर सड़क जल्द पूर्ण कराने की मांग की जाएगी।



#### हम शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं

रहवासी अजय शुक्ला ने कहा कि उन्हें मास्टर प्लान से हटाने की चर्चाओं से मतलब नहीं, बल्कि सड़क निर्माण से है। हमारा किसी से विरोध नहीं, हम लोग हमारी मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। हमारे जनप्रतिनिधियों पर विश्वास है, लेकिन वर्षा ऋतु से पहले निर्माण जरूरी है, वरना हालात और बिगड़ेंगे। उन्होंने बताया कि करीब 20 कॉलोनियों के 25 हजार से अधिक लोग प्रभावित हैं, जिनमें गौमती नगर, बद्रीधाम नगर, जवाहर नगर, बद्रीधाम एक्सटेंशन, सम्यक विहार, गीताश्री ड्रीम सिटी, अंबे नगर सहित कई क्षेत्र शामिल हैं। महापौर जनसुनवाई में दो बार आवेदन दिया जा चुका है, अब कलेक्टर व आयुक्त से भी मुलाकात की जाएगी।

#### 13 साल से सिर्फ कागज़ों में सड़क

ज्योति पाटीदार ने बताया कि उन्होंने 13 वर्ष पहले मकान लिया था, तब भी सड़क निर्माण का आश्वासन मिला था। बारिश में जलभराव, गड्ढों और कीचड़ के कारण आवागमन मुश्किल हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और कामकाजी लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

#### सिर्फ आश्वासन नहीं, अब काम चाहिए

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कहा कि कई बार प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से चर्चा के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई। समिति ने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्माण शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसमें धरना, ज्ञापन और जनप्रतिनिधियों का घेराव शामिल हो सकता है।

# लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर चालक के विरुद्ध हुई वैधानिक कार्रवाई

### थाना सिविल लाइन में हुआ प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लापरवाही पूर्वक बस चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस के संज्ञान में आया। दुर्घटनाओं में कमी लाने, आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान-माल की क्षति को रोकने के उद्देश्य से देवास पुलिस द्वारा वीडियो के आधार पर कार्रवाई की। गुरुवार को पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि मेढकीचक चंदाना रोड देवास की और जा रही एक सागर बस MP41P3377 का चालक अधिक सवारियां बैठाने की होड़ में सड़क पर खतरनाक तरीके से बस दौड़ा रहा है। चालक की लापरवाही और तेज गति के कारण बस में बैठी सवारियों एवं अन्य राहगीरों की जान पर बन आई थी । प्राप्त शिकायत की जांच उपरांत संबंधित बस चालक मोईन शेख पिता निजामद्दीन शेख उम्र 33 वर्ष निवासी रसलपुर औद्योगिक क्षेत्र देवास के विरुद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 76/2026 धारा 281 बीएनएस व 132/177(1) 184 MV ACT के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है ।

# विधिक साक्षरता शिविर में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




वरिष्ठ नागरिक संस्था द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय देवास, सामाजिक न्याय विभाग एवं पुलिस सायबर सेल के सहयोग से वरिष्ठजनों के लिए डिजिटल एवं फाइनेंशियल लिटरेसी (वित्तीय साक्षरता) विषय पर एक महत्वपूर्ण विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल लेन-देन की सावधानियाँ तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट युवराज सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल भुगतान करते समय ओटीपी साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और किसी भी प्रकार की शंका होने पर तुरंत साइबर सेल या पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि रोहित श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि समाज के हर वर्ग को विधिक जानकारी मिल सके। उन्होंने वरिष्ठजनों को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी भी दी। सायबर सेल से आईं गीता कानूनगो, आरती जादौन एवं मोनू राणावत ने डिजिटल फ्रॉड के विभिन्न तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे ठग बैंक अधिकारी बनकर कॉल करते हैं, केवाईसी अपडेट के नाम पर जानकारी मांगते हैं या फर्जी ऐप डाउनलोड करवाकर खाते से राशि निकाल लेते हैं। उन्होंने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के सरल उपाय भी समझाए। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष ओ.पी. पाराशर के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम का संचालन गंगासिंह सोलंकी एवं श्याम कुमार शाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर हिमांशु कुमार ढाली, श्रवण कुमार कानूनगो, बी.के. जोशी, बीसी ताकोणे, दिलीप उपाध्याय, रमेश रजक, बंशीधर चावडा, शीलनाथ आरस, कैलाशचंद्र नागर, रामसिंह केलकर, रश्मि पाण्डेकर सहित वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन की बड़ी सफलता

**देवास।** ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सतत प्रयासों से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में गिरवी लाइसेंस जारी करने के संबंध में अधिकृत अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस निर्णय से प्रदेश के सैकड़ों ज्वेलर्स व्यवसायियों को वैधानिक रूप से व्यापार करने में बड़ी राहत मिलेगी तथा स्थानीय व्यापार को नई गति प्राप्त होगी। एसोसिएशन सचिव संतोष सराफ ने इस विषय को लेकर लगातार शासन-प्रशासन से संवाद, प्रस्तुतियाँ एवं आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अथक परिश्रम, समर्पण और संघर्ष के परिणामस्वरूप यह ऐतिहासिक निर्णय संभव हो सका। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय जैन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे ज्वेलर्स समाज की एकता और प्रयासों की जीत है। उन्होंने संतोष सराफ को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि संगठन भविष्य में भी ज्वेलर्स के हितों की रक्षा एवं विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। इस निर्णय से अनुसूचित क्षेत्रों में कार्यरत ज्वेलर्स को कानूनी सुविधा मिलने के साथ-साथ व्यापार में पारदर्शिता और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

### श्रीमती सेंधव का हुआ निधन



**चापडा।** समिप ग्राम बामखेडी निवासी स्व. फुलसिहं सेंधव की धर्म पत्नी एवं अनारसिंह सेंधव, कृपाल सिंह सेंधव, सुमेर सिंह सेंधव सेंधवा की माता व भिमसिंह, स्व. करणसिंह , हरिसिंह सेंधव की भुआ, झनुबाई सेंधव का गत दिनों निधन हो गया, जिनके निधन पर सभी समाजजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राजोदा सहकारी संस्था में 8 करोड़ से अधिक का घोटाला, ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) ने वृहत्ताकार प्राथमिक कृषि सहकारी साख संस्था मर्यादित राजोदा, जिला देवास तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक देवास के अधिकारियों के विरुद्ध 8 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि अधिकारियों ने किसानों की जानकारी के बिना उनकी पात्रता से अधिक ऋण स्वीकृत कर, बीमा और ऋण माफी योजनाओं का दुरुपयोग करते हुए शासन, बैंक और किसानों को करोड़ों की हानि पहुंचाई।

जांच में सामने आया कि वर्ष 2016–2019 के बीच आरोपी अधिकारियों ने किसानों की वास्तविक भूमि से करीब 400 हेक्टेयर अधिक भूमि दर्शाई।इस आधार पर किसानों की जानकारी के बिना 5.5 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण नियम विरुद्ध स्वीकृत किया गया।

करीब 300 किसानों के नाम पर कृषि बीमा उनकी स्वीकृत साख सीमा के बिना या एक ही सीजन में एक से अधिक बार कराया गया। इससे 65 लाख रुपये से अधिक का बीमा क्लेम स्वीकृत कराकर राशि निकाल ली गई। बीमा आवेदनों में किसानों की जगह आरोपियों के मोबाइल नंबर दर्ज पाए गए।अवैध ऋण खातों में शासन की मुख्यमंत्री ऋण माफी योजना व ब्याज सब्सिडी की राशि दर्ज कर शासन को अतिरिक्त वित्तीय नुकसान पहुंचाया गया। समिति के तत्कालीन सचिव महेश जैन पर आरोप है कि उन्होंने किसानों के खातों से निकासी पर्चियों पर स्वयं हस्ताक्षर कर 1 करोड़ 12 लाख रुपये निकाल लिये।

ऑडिट में समिति की कैशबुक में 20 लाख रुपये से अधिक की अनियमितता भी प्रमाणित हुई। सचिव के साथ चार अन्य दिलीप नागर तत्कालीन पर्यवेक्षक, अनिल दुबे तत्कालीन शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, मंडी प्रांगण, रामकन्या बाई चौहान अध्यक्ष, राजोदा सहकारी संस्था को भी आरोपी बनाया गया है।आरोपियों के विरुद्ध IPC की धारा 420, 409, 467, 468, 471, 201, 120-B तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 व संशोधन अधिनियम 2018 की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई है।

# देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में ट्रेड यूनियन काऊंसिल संगठनों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन व कर्मचारी संगठनों द्वारा चार श्रम संहिता, मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय हड़ताल के समर्थन में सिटी ट्रेड यूनियन काऊंसिल देवास द्वारा स्थानीय एलआईसी शाखा में धरना प्रदर्शन किया। धरने को सिटी ट्रेड यूनियन कॉन्सिल, देवास के संयोजक मोहन जोशी, ऑल इंडिया इन्श्योरेन्स पेंशनर एसोसिएशन से मोरसिंह राजपूत, ए.आई.यू.टी.यू.सी.से जिला सचिव राजुल श्रीवास्तव, एआईटीयूसी से कैलाश राजपूत, बैंक यूनियन से नरेंद्र पिसाल, एमपीइबी से मक़सूद पठान, कैलाश वर्मा, इंटक से लाखन सिंह, महेश राजपूत, जयसिंह ठाकुर ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह आम हड़ताल एक ऐसे समय पर बुलाई गई है, जब सरकार मजदूरों के अथक संघर्ष से हासिल 44 श्रम कानूनों को मालिकों के पक्ष में चार संहिता के रुप में लागू कर दिया गया है जिनके तहत मजदूरों के 8 घंटे काम के अधिकार को 12 घंटे कर दिया गया, उनको यूनियन बनाने, हड़ताल करने अपनी हक की बात कहने का अधिकार लगभग खत्म कर दिए गया है। स्थाई नौकरी की अवधारणा को खत्म कर हायर एंड फायर, फिक्स टर्म एम्प्लॉयमेंट के तहत ठेकेदारी प्रथा को बढ़वा दिया गया है, लेबर कोर्ट को खत्म कर दिया गया है, 300 श्रमिक तक वाली कम्पनीयों को बंद करने से पहले सरकार की अनुमति लेने की आवश्यकता को खत्म कर दिया गया है, लेबर इंस्पेक्टर के पद को सह फैसलेटर बना दिया है, मजदूरों को मालिकों के शोषण के लिए छोड़ दिया है।वहीं दूसरी ओर सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते खाने पीने की वस्तुओं सहित तमाम उत्पादों और सेवाओं में महंगाई भयंकर रूप से बढ़ रही है,और भयावह बेरोजगारी से देश की आम जनता त्रस्त है। हम इस हड़ताल को समर्थन देते हैं और सरकार से मांग ,करते हैं कि वह श्रमिकों व कर्मचारियों की तमाम मांगों को बिना शर्त शीघ्र पूरी करे व महंगाई, बेरोजगारी पर रोक लगाएं और सस्ती शिक्षा दे। धरना में भंडारी फाइल्स आजाद मजदूर यूनियन से महासचिव सुरेश चौधरी, सुरेश गौतम, राजेंद्र मुकाती ,बैंक यूनियन से जे पी शर्मा, देवेंद्र, आई के शर्मा,, अंकिता, वर्षा सोलंकी,जीवन बीमा से जानकी लाल मोदी, ईश्वर मोदी, सुभाष चौधरी, अमित सांगते, हरीश चौहान, जगदीश पिण्डलया, विद्या डूमोरे, विनोद अंतरीवाले आदि सहित सैकड़ो की संख्या में मजदूर कर्मचारी शामिल हुए।

### जिले में आर्थिक सशक्तिकरण उद्देश्य से मल्टी-स्टेकहोल्डर एडवाइजरी बोर्ड की हुई बैठक

# स्थानीय स्तर पर रोजगार विकसित करने बनी सहमति






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के ग्रामीण युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित वर्क अपॉर्चुनिटी एण्ड वेलबीइंग हब के अंतर्गत 'मल्टी-स्टेकहोल्डर एडवाइजरी बोर्ड' की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन देवास में किया गया। इस बैठक की विशेषता ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन के प्रभावी नेतृत्व में शासन-प्रशासन, उद्योग, वित्तीय संस्थानों एवं शैक्षणिक संगठनों को एक साझा मंच पर लाना रहा। सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने भविष्य की कार्ययोजना पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

शर्मा ने कहा कि स्थायी रोजगार सृजन के लिए शासन और उद्योग जगत का समन्वित प्रयास अनिवार्य है। टीआरआईएफ के नेतृत्व में हुई इस उच्च-स्तरीय सहभागिता ने नीतिगत निर्णयों को जमीनी आवश्यकताओं से जोड़ने का सफल प्रयास किया। बैठक में टीआरआईएफ से अभिषेक व्यास एवं पीपीआईए फैलो विनीत प्रकाश जितेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, एलडीएम, डीआईसी जीएम, आर-सेटी, एनआरएलएम, उद्यानिकी विभाग, टाटा, सनफार्मा, पशुपालन विभाग तथा जिला स्तरीय एनजीओ प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए सुझाव एवं सहयोग प्रदान किया।

बैठक में इंदौर, भोपाल और जबलपुर जैसे बड़े शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करने हेतु देवास जिले में स्थानीय स्तर पर रोजगार अवसर विकसित करने पर सहमति बनी।साथ ही प्रसंस्करण आधारित अर्थव्यवस्था अंतर्गत प्राथमिक कृषि से आगे बढ़ते हुए द्वितीयक क्षेत्र के अंतर्गत लघु प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहन और रूरल इकोनॉमिक मॉडल विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। AI और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके कृषि उत्पादकता बढ़ाने और बाजार विश्लेषण को सशक्त बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर चर्चा हुई।

# 3 साल में हुआ 25 से 30 किलो वजनी गराडू



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में कुदरत का कमाल देखने को मिला। क्षेत्र में मोडरिया वाले बा के नाम से प्रसिद्ध राधेश्याम विश्वकर्मा ने अपने घर पर अब से 3 वर्ष पूर्व एक छोटा सा गराडू अपने घर में लगाया था जिसे वे हर साल खुदाई करके देखरेख करते आ रहे है। देखते ही देखते तीन से चार साल में यह गराडू की लंबाई साडे तीन से चार फिट की हो गई। बताया जा रहा है अब 25 से 30 किलो वजन का गराडू हो चुका है। गुरुवार को जब उनके द्वारा अपने घर पर लगा गराडू को खोद कर देखा गया तो वह बहुत ही लंबा और चौड़ा नजर आया उसे देखने लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा।

## खबर संक्षेप

### विजरौठा यार्ड स्थित रेलवे गेट 339 तीन दिन रहेगा बंद

**ललितपुर।** रेल प्रशासन द्वारा रेलवे ट्रैक के रख-रखाव कार्य के चलते विजरौठा यार्ड में स्थित रेलवे गेट संख्या 339 को सड़क यातायात के लिए अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह गेट 14 से 16 फरवरी 2026 तक बंद रहेगा। कार्यालय वरिष्ठ खंड अभियंता रेलपथ उत्तर ललितपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार रेलवे गेट संख्या 339 (किमी 1067/14-16) पर रेलवे ट्रैक में स्लीपर बदलने का कार्य किया जाना है। इसके चलते 14 फरवरी को सुबह 8 बजे से लेकर 16 फरवरी की शाम 7 बजे तक उक्त गेट से सड़क यातायात पूर्ण रूप से बंद रहेगा। बताया गया है कि यह समपार दौलता ग्राम से विजरौठा ग्राम को जोड़ता है। गेट बंद रहने की अवधि में वाहन चालकों को किमी 1067/23-25 पर स्थित पुल से होकर आवागमन करना होगा, जिसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में चिन्हित किया गया है। रेल प्रशासन ने जिला प्रशासन से आह्वान किया गया है कि निर्धारित अवधि में आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रेलवे विभाग ने लोगों से अपील की है कि गेट बंद रहने की अवधि में वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें और सहयोग प्रदान करें।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला जुगपुरा में महिला के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार 11 फरवरी 2026 की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर पर झाड़ू लगा रही थी, तभी विनोद रैकवार पुत्र दुर्जन और रामस्वरूप पुत्र चउदा वहां पहुंचे और बिना कारण गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि दोनों ने डंडा लेकर पीड़िता के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची पीड़िता की बेटी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसका मकान खाली कराने का दबाव बना रहे हैं और कब्जा करने की नीयत से उसे व उसके परिवार को धमका रहे हैं। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने और रास्ता रोकने की बात भी कही गई है, जिससे पीड़िता व उसके परिजनों में भय का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### पुरानी जमीन के विवाद में मारपीट, 4 पर एफआईआर

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम खैरा में पुरानी जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों पर लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। थाना बार में दर्ज एफआईआर के अनुसार ग्राम खैरा निवासी विषेन्द्र उर्फ बृजराज पुत्र कमलेश यादव ने बताया कि 11 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3.30 बजे गांव के ही बृजेश पुत्र सूरजभान यादव उसके घर में घुस आया और पुरानी जमीन के विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर बृजेश के साथ उसके पुत्र लवकुश व दिनेश पुत्र सुजान यादव और गजरा पत्नी सूरजभान यादव भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित को बचाने आए उसके भाई लविम पुत्र कमलेश यादव के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### महाशिवरात्रि पर 25 क्विंटल फलाहारी खिचड़ी का वितरण

**सीहोर।** 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमीता अरोरा द्वारा नगर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में 25 क्विंटल खिचड़ी एवं मट्ठे का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

### नकल विहीन बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूर्ण : डीएम

# सीसीटीवी की निगरानी में 50 केंद्रों पर 35970 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा देंगे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित करायी जा रही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा -2026 को जनपद में सकुशल, शान्तिपूर्ण व नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में सेक्टर/जोनल/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, सचल दल एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को परीक्षा की बारीकियों से अवगत कराते हुए निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें। उन्होंने विशेष रूप से सभी मजिस्ट्रेट नियमित रूप से परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करें। प्रश्नपत्रों की अभिरक्षा एवं वितरण प्रक्रिया शासनादेशानुसार कड़ाई से सुनिश्चित की जाए। सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता परीक्षा अवधि में सतत सुनिश्चित रहे। परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक सहयोगात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। परीक्षा कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा जनपद की साख से जुड़ा विषय है, अतः सभी अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना से कार्य करें, जिससे परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हो सके। बैठक में परीक्षा की समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा में नकल कराने, नकल करने, प्रश्नपत्र लीक करने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अवैध उपयोग अथवा परीक्षा की गोपनीयता भंग करने जैसे कृत्य दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं। ऐसे मामलों में कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए। संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा फर्जी प्रश्नपत्र प्रसारित करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ०प्र० की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाएं दिनांक 18.02.2026 से प्रारम्भ होकर 12.03.2026 तक आयोजित की जाएंगी। जनपद ललितपुर में कुल 50 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें तहसील ललितपुर के 18, महरौनी के 14, तालबेहट के 09, मड़ावरा के 04 तथा पाली के 05 परीक्षा केन्द्र सम्मिलित हैं। वर्तमान स्थिति के अनुसार जनपद में कोई भी परीक्षा केन्द्र संवेदनशील श्रेणी में चिन्हित नहीं है। जनपद में कुल 35,970 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिनमें हाईस्कूल के 20,163 (बालक-10,998, बालिका-9,165) तथा इण्टरमीडिएट के 15,807 (बालक-8,258, बालिका-7,549) परीक्षार्थी सम्मिलित हैं। परीक्षा की प्रभावी निगरानी हेतु 07 जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 50 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त 50 केन्द्र व्यवस्थापक एवं 50 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं तथा 06 विभागीय सचल दलों की तैनाती की कार्यवाही प्रचलित है। कक्ष निरीक्षण हेतु कुल 1,585 निरीक्षक नामित किए गए हैं, जिनमें माध्यमिक शिक्षा विभाग से 60 महिला एवं 205 पुरुष तथा बेसिक शिक्षा विभाग से 625 महिला एवं 695 पुरुष निरीक्षक शामिल हैं। प्रश्नपत्रों की अभिरक्षा हेतु राजकीय इंटर कॉलेज, ललितपुर में सीसीटीवी निगरानी के अंतर्गत स्ट्रांग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण के लिए संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को नामित किया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी घनश्याम भारतीय, डीआईओएस ओम प्रकाश सिंह, बीएसए रणवीर सिंह, डीआईओ डीएस दयाल व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी की पहल

# सहरिया बहुल ग्रामों में 307 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा जनहित के मामलों को गंभीरता से लेते हुए सहरिया जनजाति के बच्चों के लिए एक विशेष पहल की गई। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित नियमित जनता दर्शन एवं जनसुनवाई के दौरान कुछ सहरिया जनजाति के परिजन अपने बच्चों के साथ उपस्थित हुए थे। उन्होंने अवगत कराया कि उनके बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र अब तक जारी नहीं हुए हैं, जिसके कारण न तो आधार कार्ड बन पा रहे हैं और न ही वे शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं।



परिजनों ने यह भी बताया कि जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में बच्चों को विद्यालयी प्रवेश, छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय सुविधाओं में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने केवल उपस्थित परिवारों की समस्या के समाधान तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि जनपद के समस्त सहरिया जनजाति बहुल ग्रामों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विकास खंडों के अंतर्गत सहरिया जनजाति बहुल ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान एवं शिविर आयोजित कर ऐसे बच्चों का चिन्हांकन करें, जिनके जन्म प्रमाण पत्र अब तक जारी नहीं हुए हैं। साथ ही घर-घर संपर्क स्थापित कर आवश्यक अभिलेख एकत्रित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में विकास खंड की ग्राम पंचायत धौर्रा, पिपरई, मड़ौन, कपासी एवं भारौन में विशेष अभियान चलाया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा घर-घर सर्वेक्षण कर 0 से 15 वर्ष तक के ऐसे बच्चों की पहचान की गई, जिनके जन्म प्रमाण पत्र नहीं बने थे। आवश्यक सूचना एवं अभिलेख प्राप्त कर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 307 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए।

#### ग्राम पंचायतवार विवरण

ग्राम पंचायत धौर्रा- 74, ग्राम पंचायत पिपरई- 35, ग्राम पंचायत मड़ौन- 60, ग्राम पंचायत कपासी - 59, ग्राम पंचायत भारौन- 79 शामिल है। जन्म प्रमाण पत्र जारी होने से अब इन बच्चों के आधार कार्ड बनाए जा सकेंगे तथा विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को छात्रवृत्ति, शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। यह पहल न केवल जिला प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने निर्देशित किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान निरंतर संचालित किए जाएं, ताकि कोई भी पात्र बच्चा दस्तावेजों के अभाव में अपने संवैधानिक एवं शासकीय अधिकारों से वंचित न रहे। प्रशासन द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े अधिकारों की सुनिश्चितता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## आरओ वाटर मशीन लगाने की मांग करते नगर पालिका को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या- 15 अंतर्गत गांधी नगर स्थित सरकारी कन्या कम्पोजिट विद्यालय चण्डी माता मंदिर के सामने लगे हैंडपंप पर आरओ वाटर प्यूरी फायर मशीन लगाए जाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि गांधी नगर वार्ड संख्या-15, ललितपुर तहसील एवं जनपद का एक प्रमुख व घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों व स्थानीय निवासियों का आवागमन होता है। साथ ही उक्त सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है। हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता को देखते हुए आरओ वाटर मशीन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। आरओ वाटर प्यूरीफायर मशीन स्थापित कर दी जाती है तो विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी बचाव होगा। नगर पालिका प्रशासन से मांग की गई है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही सरकारी कन्या कम्पोजिट विद्यालय चण्डीमाता, गांधी नगर वार्ड संख्या- 15 के सामने स्थित हैंडपंप पर आरओ वाटर मशीन लगवाई जाए।

## इंटर कॉलेज में दीक्षांत समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर(बानपुर)।

कस्बा बानपुर में शिक्षा के क्षेत्र में एक इण्टर कॉलेज में 12 बी के बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ललितपुर नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन अभिलाषा, विवेक जैन अभिलाषा एवं उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन जी उपस्थित रहे जिन्हें युवा गौरव के रूप में जीवन शिल्प संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।

उन्होंने विद्यालय परिवार को सक्रिय शिक्षा और संस्कारों के लिए बधाई दी। अध्यक्षता चौधरी कैलाश चंद महरौनी एवं उपाध्यक्ष अखिलेश जैन पूर्व प्रधान ने की उनके सहभागी आनंद चौधरी एवं पुष्पेंद्र जैन रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में टीकमगढ़ से गजेन्द्र चौधरी लुईस, जितेन्द्र जैन, ललितपुर से मोना सुशांत जैन गोल्डी, सौरभ पुजारी, नितिन नजा, नवीन नायक, राजवीर राजपूत, ऋतिक कटारे मौजूद रहे। सभी नगरजन श्रेष्ठीजनों ने विद्यालय की गतिविधियों की सराहना की। प्रबंधक डॉ विकास जैन ने उपदेश तो शिक्षा मात्र है फल जैसा अम्ल या पुरुषार्थ करता है वैसा मिलता है इस सीख के साथ बच्चों को आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्रधानाचार्य रामाधार त्यागी एवं अन्य शिक्षकों ने बच्चों को जीवन जीने की कला के संबंध में अपना उद्बोधन प्रदान किया। उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने काव्य पाठ, वक्तव्य एवं फिल्मी गानों के साथ प्राचीन कवियों के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनने में विद्यालय के शिक्षक दीपक नामदेव, ग्यासीरम, संतोष तिवारी, राकेश घोष, गीता यादव, शैली, अलीशा, मोहानी, राकेश नामदेव, नरेश विश्वकर्मा, रोहित यादव, सुनील परमार, रामजी नामदेव, कुंवर सिंह, रामेश्वर, अजय सूत्रकार,शिवकांत, आदि का सहयोग रहा।

## मुसीबत में अभिनेता राजपाल यादव के साथ खड़े दिखे राज राजपूत गनगौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

फिल्म इंडस्ट्री में जब भी किसी कलाकार पर कठिन समय आता है, तब इंसानियत और आपसी सहयोग की असली तस्वीर सामने आती है। अभिनेता राजपाल यादव के जेल जाने के बाद बॉलीवुड से जुड़े कई लोग उनकी सहायता के लिए आगे आए और यह साबित किया कि इंडस्ट्री केवल काम का मंच नहीं, बल्कि एक परिवार भी है। इसी क्रम में राज राजपूत गनगौरा ने मानवीय संवेदनाओं को समझते हुए मदद का हाथ बढ़ाया और 2 लाख 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता केवल धनराशि नहीं, बल्कि सम्मान, भरोसे और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। राज राजपूत गनगौरा लंबे समय से फिल्म और इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं और उन्होंने हमेशा जरूरत के समय लोगों के साथ खड़े रहकर अपनी अलग पहचान बनाई है। इसी कड़ी में यह भी तय हुआ है कि अप्रैल महीने में होने



वाले एक भव्य अवॉर्ड समारोह में, जहां बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां शामिल होने वाली हैं, अभिनेता राजपाल यादव भी इस समारोह में शिरकत करेंगे। यह अवॉर्ड शो न केवल सम्मान और मनोरंजन का मंच होगा, बल्कि यह संदेश भी देगा कि फिल्म इंडस्ट्री अपने कलाकारों के साथ हर हाल में खड़ी रहती है। राज राजपूत गनगौरा की यह पहल इंडस्ट्री और समाज दोनों के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक उदाहरण है।

### ग्राम विनेकामाफी को शराब मुक्त घोषित करने का सर्वसम्मत निर्णय

# कोई भी व्यक्ति शराब का विक्रय करता पाया गया तो उस पर 21 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम विनेकामाफी में बीते दिवस ग्राम पंचायत की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम के समस्त समाजबंधु एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम को शराब मुक्त घोषित करना रहा। पंचायत में सर्वसम्मति से शराबबंदी को लेकर कठोर नियम एवं दंड का निर्णय लिया गया। पंचायत में निर्णय के अनुसार, यदि ग्राम विनेकामाफी में कोई भी व्यक्ति शराब का विक्रय करता पाया गया तो उस पर 21 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही दोषी व्यक्ति एवं उसके परिवार को छह माह तक सामाजिक कार्यक्रमों से बहिष्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम में शराब के नशे में गाली-गलौज, मारपीट, अशांति फैलाने अथवा विवाह, जन्मदिन जैसे पारिवारिक आयोजनों में शराब पीकर माहौल खराब करने पर 11 हजार रुपये का जुर्माना तथा तीन माह का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। पंचायत ने यह भी निर्णय लिया कि यदि कोई व्यक्ति किसी दोषी को संरक्षण देता है या पंचायत के निर्णयों की अवहेलना करता है, तो उसे भी समान श्रेणी में दोषी मानते हुए दंडित किया जाएगा। ग्राम को शराब मुक्त बनाने के उद्देश्य से 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो नियमों के पालन की निगरानी करेगी। समिति द्वारा वसूली गई धनराशि का उपयोग धार्मिक कार्यों, समाज के जरूरतमंदों की सहायता, बीमारी, कन्या विवाह जैसे सामाजिक कार्यों तथा दोषियों के विरुद्ध की जाने वाली कानूनी कार्रवाई में किया जाएगा। पंचायत द्वारा पारित यह प्रस्ताव 11 फरवरी 2026 से प्रभावी होगा। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शराबबंदी से गांव में शांति, सौहार्द और सामाजिक सुधार को बढ़ावा मिलेगा।

### पुलिस ने दंपती के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी

# मिदरवाहा में विवाद को लेकर पड़ोसी दंपती पर महिला से मारपीट करने व धमकाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम मिदरवाहा में आपसी विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी दंपती के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम निवासी रामकुंवर पत्नी हनुमत अहिरवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 फरवरी की शाम करीब 7 बजे उनके पड़ोसी शंकरलाल अहिरवार और उनकी पत्नी नीलम द्वारा गाली-गलौज की गई। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए उनके भाई राजेंद्र के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के अनुसार घटना के बाद उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट में उन्हें शरीर में कई चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से नीलम पत्नी शंकर अहिरवार ने गांव के हनुमत अहिरवार, उनकी पत्नी रामकुंवर तथा राजेंद्र अहिरवार ने उनके घर के बाहर चार पहिया गाड़ी खड़ी कर दी। जब पीड़िता ने गाड़ी हटाने के लिए कहा तो आरोपियों ने अभद्रता करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।

## मॉर्निंग ग्रुप के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 15 को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



मॉर्निंग ग्रुप सुम्मेरा तालाब द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 फरवरी 2026 को महापर्व महाशिवरात्रि पर नामदेव घाट भोलेनाथ मंदिर तालाब पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना तय किया गया है जिसमें दोपहर 1 से रुद्राभिषेक प्रकांड पंडितों द्वारा एवं उसके उपरांत भंडारा प्रसाद ग्रहण और भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं, जिसमें आप सभी आकर धर्म लाभ ले। कार्यक्रम भजन गायकों द्वारा अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत कर भक्तजनों को भाव विभोर करने वाली होगी। बैठक में कमलेश चौधरी, सुनील विश्वकर्मा, पवन कुमार तिवारी एड., प्रदीप जैन, लकी रावत, विजय साहू, अनूप नामदेव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, दीपक नामदेव, राकेश चंदानी, राजेश दुबे, रिंकू, दीपक साहू, अनिल सोनी, अरोड़ाजी मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष जानकी प्रसाद कुशवाहा ने आभार जताया।

### नेमवि में राष्ट्रीय सेवा योजना का एकदिवसीय सामान्य शिविर संपन्न

# स्वच्छता, स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आधार है : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

नेहरू महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना की पांचों इकाइयों का संयुक्त एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सबसे पहले स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया एवं स्वच्छता की शपथ ली। प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि स्वच्छता, स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आधार है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति व स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करती है। यह एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है और बीमारियों को दूर रखती है। व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों को साफ रखना भी एक



नागरिक के रूप में हमारा कर्तव्य है, जिसे महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण बताया था। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डा.ओ.पी.चौधरी ने कहा कि साफ-सफाई न रखने से कीटाणु पनपते हैं, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलती हैं। नियमित सफाई से हम स्वस्थ व सक्रिय रह सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छता को अपना कर हम एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। हमें स्वयं को स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपने आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि स्वच्छता ही सेवा है। कार्यक्रम अधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि स्वच्छता सभी की आदत में शामिल होना चाहिए जिससे सभी स्वयंसेवक स्वस्थ और मजबूत रहे। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना अनीता ने कहा कि स्वछता सिर्फ एक दिन का कार्य नहीं है बल्कि एक दिनचर्या है जैसे अपने जीवन में सभी को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डा.वर्षा साहू ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिसमें सभी स्वयं सेवकों को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाता है।

### मामले में पीडब्ल्यूडी एसडीओ की चुप्पी, एसडीएम ब्यावरा बोले - 'ड्रेनेज कराएंगे'

अनदेखी और मनमानी या फिर लापरवाही से बारिश में डूबेंगे एसडीएम-तहसील कार्यालय ?

# करोड़ों रुपए की हॉस्पिटल रोड बिना नालियों के हो रही तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर की सबसे महत्वपूर्ण और वीआईपी मानी जाने वाली हॉस्पिटल रोड पर करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क तो बनाई जा रही है, लेकिन निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी ने बारिश के पानी निकासी की मूलभूत व्यवस्था ही नहीं की। सड़क के दोनों ओर नालियों व ड्रेनेज का अभाव है, जिससे आगामी बारिश में बड़े जलभराव की आशंका खड़ी हो गई है। चिंताजनक बात यह है कि इसी मार्ग पर एसडीएम कार्यालय, तहसील ऑफिस और रेस्ट हाउस जैसे अहम शासकीय भवन स्थित हैं, जो बारिश में पानी से घिर सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी हल्की बारिश में सड़क पर पानी भर जाता था। अब सड़क को जब 4-5 फिट तक ऊंचा बना दिया गया है, जिससे पानी आसपास के दफ्तरों और दुकानों की ओर जाने का खतरा और बढ़ गया है। यदि समय रहते ड्रेनेज की व्यवस्था नहीं की गई तो बारिश में हालात गंभीर हो सकते हैं।

मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ प्रेम नारायण धनवाल ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। विभाग की इस चुप्पी ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। सवाल उठ रहा है कि क्या बिना समुचित योजना के ही सरकार के करोड़ों रुपये स्वाहा करने की तैयारी की गई? वहीं, एसडीएम ब्यावरा गोविंद कुमार दुबे ने आश्वासन देते हुए कहा है कि "ड्रेनेज की व्यवस्था करवाई जाएगी।" उन्होंने संकेत दिया कि आवश्यक तकनीकी परीक्षण कराकर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। हालांकि, शहरवासियों का कहना है कि आश्वासन नहीं, जमीनी कार्रवाई जरूरी है।

#### सवालों के घेरे में पीडब्ल्यूडी

- सड़क बनी, पर नालियां क्यों नहीं?
- जल निकासी की योजना कहां गई?
- क्या तकनीकी स्वीकृति में ड्रेनेज शामिल था?
- करोड़ों खर्च के बाद भी बुनियादी चूक क्यों?



#### बारिश में पानी की जद में आएंगे ब्यावरा के ये अहम दफ्तर

- एसडीएम कार्यालय
- तहसील कार्यालय
- बीआरसी कार्यालय
- सुठालिया परियोजना कार्यालय
- रेस्ट हाउस
- आसपास की दुकानें व मकान

#### शहर के बुद्धिजीवीयों की मांग

- पक्की नालियों का हो निर्माण
- बारिश से पहले स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था हो
- निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए
- जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए

शहरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो पहली तेज बारिश ही निर्माण की गुणवत्ता और विभागीय दावों की पोल खोल देगी। अब देखना यह है कि प्रशासन आश्वासन से आगे बढ़कर जमीनी समाधान कब तक देता है।

#### रेस्ट हाउस में भी पानी निकासी का होगा संकट

सडक की ऊचाई बढ जाने के कारण नगर का रेस्ट हाउस में भी पानी निकासी न होने के कारण बारिश में पानी भराव की स्थिती बनी रहेगी। जिससे आसपास लगी कॉलानियों एवं व्हीआईपी आगन्तुकों के लिए बीमारियों का खतरा बना रहेगा।



#### पीडब्ल्यूडी की अनदेखी करने की कार्यशैली उजागर

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ प्रेमनारायण धनवाल ब्यावरा अस्पताल रोड को बनाना ऐसा मान रहे हैं जैसे मानों सरकार के करोडों रूप्यों को बर्बाद करना हो जैसे। उनकी कार्यशैली से तो यहीं प्रतीत होता है। बिना पानी निकासी के 3 करोड 50 लाख की लागत से बनने वाले 1०47 किलोमीटर की डामरीकृत रोड का भविष्य क्या होगा यह तो समय ही बताएगा। हालात यह है कि एसडीएम ऑफिस के सामने बनाई गई पुलिया में एक तरफ से पाइप डाल दिए गए परंतु दूसरी तरफ से बंद कर दिए गए जिससे पानी निकासी हो ही नहीं पाएगी जिससे डामरीकृत रोड उखडने का खतरा बढ जाएगा।

## जामोंया जोहार में वेश्यावृत्ति बंद कराने के लिए ग्रामीण हुए एकजुट, सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहगढ़।** तहसील अंतर्गत ग्राम जामोंया जोहार में कथित रूप से चल रही वेश्यावृत्ति गतिविधियों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीण एकजुट हो गए। ग्रामवासियों ने इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और युवाओं पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस कारण गांव में असामाजिक तत्वों का आवागमन बढ़ गया है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा गांव में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियाँ न पनप सकें। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आवारा कुत्तों के आतंक पर अंकुश लगाने को नपा ने की धरपकड़



कुशवाह समाज की छोटी बच्ची को किया था लहू लूहान, खबर के असर से जागी नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नपा द्वारा सजक कार्रवाई करते वार्डों की गली मोहल्लों से आवारा कुत्तों को सुनिश्चित कर निर्धारित रूप में कर्मचारियों द्वारा एक-एक कर बंदी बनाते हुए वहांन के माध्यम से नगर के बाहर व्यवस्थित रूप में छोड़ने का कार्य करते देखने को मिला हरिभूमि ने प्राथमिकता से यह समाचार प्रकाशित किया था। अखबार की खबर का असर अगर समय रहते पहले नपा जाग जाती तो शायद एक छोटी बच्ची को लहू लोहान होते ना देखना पड़ता परंतु वह तो अनहोनी होने के बाद ही ऐसे कार्यों पर ध्यान जाता है क्योंकि नगर परिषद की जिम्मेदारी होती है कि नगर में आवारा कुत्तों का खौफ नगर में दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा था इसी परिपक्व में कुत्तों को चुन चुन कर पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी है क्योंकि कुछ दिनों पहले नगर के रामपुरिया बालाजी मंदिर के पीछे कॉलोनी में कुशवाह समाज की एक छोटी बच्ची को आवारा आतंकी तीन कुत्तों ने लहू लुहान कर दिया था नगर में अगर आवारा आतंकी कुत्ते ऐसे कृत्य करते हैं तो समस्त जवाबदारी नगर परिषद की होती है अगर वह कुत्ता पालतू है और वहां ऐसे कृत्य करता है तो समस्त जवाबदारी पालतू कुत्ते को पालने वाले मालिक की होती है नपा द्वारा पहले भी ऐसे आवारा कुत्तों को चिन्हित कर पकड़ कर बाहर छोड़ा था परंतु जब जब ऐसी घटनाएं घटित होती है तभी शासन प्रशासन जगता है।

खबर का असर

### शीतलधाम में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

**विदिशा।** आचार्य विद्यासागर महाराज के साधक शिष्य एवं आचार्य समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण संभवसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में शीतलधाम में 12 से 15 फरवरी तक 4 दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि बर्रो वाले बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का मंदिर बनकर तैयार है, जहां गर्भगृह में भगवान आदिनाथ विराजमान होंगे तथा दोनों ओर खड्गासन में अन्य तीर्थंकर प्रतिमाएं होंगी।

### लाल चूनर संगठन संयोजिका ने महिला बाल विकास मंत्री से की भेंट

# नातरा-झगड़ा कुप्रथाओं पर सख्त कानून बनाए जाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सीधे-सीधे महिलाओं की खरीद-फरोख्त से जुड़ी नातरा-झगड़ा कुप्रथाएं खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिले के कुछ समाजों में व्याप्त इन कुप्रथाओं की समाप्ति के लिए शासन, प्रशासन द्वारा लाख जागरुकता कार्यक्रम चलाए गए लेकिन महिला इन कुप्रथाओं की जड़े इतनी गहरी हैं कि पूर्णतः उन्मूलन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उक्त दोनों कुप्रथाओं के लिए अलग से एक ठोस कानून बनाने की मांग को लेकर लाल चूनर संगठन संयोजिका एवं भाजपा नेत्री मोना सुस्तानी ने गत दिवस राजधानी दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात थी। दिल्ली के शास्त्री भवन में हुई इस भेंट के दौरान सुस्तानी ने उन्हें उक्त इन कुप्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंत्री अन्नपूर्णा ने उक्त कुप्रथाओं के बारे में बारीकी से समझा विधि विशेषज्ञों से उक्त संबंध में चर्चा का आश्वासन दिया।

#### आए दिन सामने आ रहे हैं मामले

नातरा-झगड़ा कुप्रथाओं के जुड़े नित नए मामले क्षेत्र में सामने आ रहे हैं। बीते एक पखवाड़े के दौरान चार स्थानों पर संबंधित आरोपियों द्वारा गांवों में पहुंचकर आगजनी घटनाएं की गई। पुलिस ने भी इन मामलों में मुकदमे दर्ज किए हैं।

### शादी समारोह में जा रहे ड्राइवर की लगी आंख, डिवाइडर से टकराई कार

# हाईवे पर झपकी ने ली महिला की जान, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

इंदौर से शादी समारोह में शामिल होने चाचैड़ा जा रहा एक परिवार बुधवार को सड़क हादसे का शिकार हो गया। आगरा-मुंबई हाइवे पर धनौरा गांव के पास कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में 67 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे इंदौर से चाचैड़ा जा रही कार को 72 वर्षीय सुरेश व्यास चला रहे थे। बताया जा रहा है कि हाइवे पर चलते समय अचानक उन्हें नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



हादसे के समय कार में तीन लोग सवार थे। सुरेश व्यास (72) पिता दुर्गाप्रसाद व्यास निवासी 202, सीता श्री रेसिडेंसी, एयरपोर्ट रोड इंदौर, उनकी पत्नी सरिता व्यास (67) और बेटी ज्योति जोशी (52) पति प्रवीण जोशी निवासी देवास मौजूद थीं। दुर्घटना में सरिता व्यास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेश व्यास और ज्योति जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। पुलिस ने सभी को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. रवि चंद्रावत, डॉ. देवनारायण रुहेला और डॉ. अंकित महोबे ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। वही एक महिला मृतिका का सारंगपुर में पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

#### इनका कहना है...

मृतिका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**आकांक्षा हाड़ा थाना प्रभारी सारंगपुर**

# प्रशासन अलर्ट: कराया गया पानी का परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप मालवांचल की प्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में प्रति वर्ष माघ माह में होने वाले भव्य मेले में शामिल होने तथा माता के दर्शन के लिए पहुंचे कुछ गांवों के बच्चों वा नागरिकों को उल्टी दस्त की शिकायत हो गई। जिसमें लगभग 50 लोगों का स्वास्थ्य खराब हो गया था। शिकायत मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे के निर्देश पर सोमवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारी व खाद्य विभाग की टीम के साथ तहसीलदार आकाश शर्मा भैंसवा माताजी पहुंचे जहां जल एवं खाद्य विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों का सेंपल लिए जिसकी प्राथमिक जांच की गई एवं उच्च जांच के लिए लेब में सेंपल भेजा गया।

### सफलता मिलने पर शासन ने जारी किया प्रशंसा पत्र

# हिरण्यगर्भ अभियान में सारंगपुर विकासखंड की उत्कृष्ट उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित हिरण्यगर्भ अभियान के अंतर्गत सारंगपुर विकासखंड ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की है। इस सराहनीय प्रदर्शन पर मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग उमाकांत उमराव द्वारा प्रशंसा पत्र जारी कर विभागीय कार्यों की सराहना की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल माह से जनवरी तक सारंगपुर विकासखंड को कृत्रिम गर्भाधान के 8666 लक्ष्य दिए गए थे, जिसके विरुद्ध विभाग द्वारा 8881 कृत्रिम गर्भाधान सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। यह लक्ष्य का लगभग 102 प्रतिशत है, जो विभागीय अमले एवं पशुपालकों के समन्वित प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। इस उपलब्धि में जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। आदरणीय कलेक्टर, जिला राजगढ़, डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. प्रवीण कुमार दीक्षित के निर्देशन एवं सतत प्रोत्साहन से विभागीय टीम को कार्य करने में विशेष प्रेरणा मिली। साथ ही सारंगपुर के पशु चिकित्सकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों , मैदानी अमले एवं मैत्री गौसेवक कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से अभियान को सफलता मिली।

# हल्दी, मेहंदी रस्म से 5 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव आरंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 15 फरवरी को आ रहे महा-शिवरात्रि पर्व इस बार पांच दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में श्रृद्धालु मातृ-शक्तियों ने खोयरी महादेव धाम पहुंचकर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते हुए हल्दी, मेंहदी, चंदन की रस्म से महोत्सव की शुरूआत की। पांच दिवसीय आयोजन की कड़ी में गुरुवार को 101 ढोली, कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नेवज तट स्थित ऐसी वाले हनुमान मंदिर से आरंभ होकर बैजनाथ महादेव धाम पहुंचेगी।

मंदिर के पुजारी पंडित उमेश शर्मा ने बताया कि महोत्सव के तहत 13 फरवरी को संगीतमय कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अगले दिवस 14 फरवरी को बिल्वपत्र, भांग, केसर, चंदन, हल्की से भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक संपन्न होगा। अंतिम दिवस महाशिवरात्रि पर्व पर कुछ विशेष आयोजन रखे जा रहे हैं।

एक बगिया मां के नाम योजना में निष्क्रिय समूहों का बिना आजीविका मिशन कार्यालय को सूचित किए कराया सर्वे

# विकास मिशन प्रबंधक ने थमाया सरपंच और सचिव को नोटिस

अपने चहेतों को लाभ देने के लिए सरपंच ने कर दिया कागजी कारनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

शासन द्वारा मध्य प्रदेश दीनदयाल योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक बगिया मां के नाम योजना में ग्राम पंचायत धामनिया के सरपंच ,सचिव द्वारा आजीविका मिशन कार्यालय, प्रबंधक खिलचीपुर को बिना सूचना दिए हितग्राहियों के निष्क्रिय समूहों का सर्वे विकासखंड जीरापुर की कृषि सखी के माध्यम से कराया गया जो नियम विरुद्ध है।घोर अनियमितता सरपंच , सचिव द्वारा की गई है, जिस पर विकास मिशन प्रबंधक ने सरपंच, सचिव को नोटिस थमाया है। यही नहीं हितग्राहियों के स्व सहायता समूह वर्तमान में निष्क्रिय है। हितग्राहियों समूह सदस्य के नाम श्रीमति रजान बाई पति कंवरलाल जय श्री राम समूह। शांताबाई पति हरिसिंह जय श्रीराम समूह। रेशम बाई पति कंवरलाल,जय श्री राम समूह। कंचन बाई पति बनेसिह,जय श्री राम समूह। लाडबाई पति भगवान सिंह,जय श्री राम समूह। कृष्णा बाई पति मुकेश,जय श्री कृष्ण समूह। वललभ भाई पति भोनसिह ,जय श्री कृष्ण समूह आदि है।

उक्त अंकित समूह वर्तमान में निष्क्रिय है। फिर भी सरपंच , सचिव द्वारा योजना के शुरुआत में ही अपने चहेते हितग्राहियों को योजना का लाभ देकर शासन की राशि का दुरुपयोग कर शासन को चूना लगाया जा रहा है।

#### इनका कहना है

हां,ये समूह बन्द है लेकिन इन्हें पुनः चालू करवाकर हितग्राहियों को लाभ दिलवाया जावेगा।

**तरुण भट्ट, ब्लॉक प्रबंधक खिलचीपुर**

# महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

माचलपुर में माता पार्वती के विवाह स्थल बाघाबल्डी पर तीन दिवसीय मेले जो महाशिवरात्रि से प्रारंभ होगा के आयोजन की तैयारी जोरो पर चल रही हे,बतादे की माचलपुर नगर मां पार्वती की पावन नगरी कही जाती हे क्योंकि किसी युग में यहां माता पार्वती ओर भगवान शिव का विवाह हुआ था जिसके प्रमाण के रूप में आज भी यहां बाघाबल्डी पर सात फेरे बने हुवे हे, तीन दिवसीय मेले में महाशिवरात्रि पर नगर में भोले की बारात एवं शिवशक्ति मिलन कार्यक्रम होगा अगले दिन बाघाबल्डी पर भजन संध्या एवं समापन दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा यह मेला प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर आयोजित किया जाता हे ,बताते हे कि शिवपार्वती के विवाह के यहां कई प्रमाण आज भी विद्धमान हे ,मेले का आयोजन प्रतिवर्ष नगर परिषद द्वारा किया जाता हे जिसमें दुकानें एवं झूले भी लगाए जाते हे।

### जाति-प्रमाण संबंधी समीक्षा बैठक में कलेक्टर के अधिकारियों को दिए निर्देश

# ब्यावरा बीईओ को नोटिस, दो अन्य को दी तल्ख हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र अभियान संबंधी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान प्रोफाइल एवं ओटीआर प्रविष्टियों में मात्र 10 प्रतिशत प्रगति पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बीईओ ब्यावरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

वहीं बीईओ जीरापुर एवं खिलचीपुर द्वारा अपेक्षित संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



#### संकुलवार शिवरि आयोजित करने के निर्देश

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि संकुलवार शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्रों के आवेदन लोक सेवा केंद्रों में व्यवस्थित रूप से जमा कराए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र विद्यार्थी को प्रमाण पत्र के अभाव में शैक्षणिक या शासकीय योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या समग्र आईडी में किसी प्रकार की त्रुटि है, उन्हें अभियान मोड में लेकर समयबद्ध रूप से सुधार की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें।

# भाजपा नगर मंडल ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सारंगपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल चैराहे पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता, जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष तथा प्रखर राष्ट्रवादी विचारक थे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, शोषित एवं वंचित वर्ग के उत्थान तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के



लिए उनका संपूर्ण जीवन समर्पित रहा। देश सेवा एवं गरीब कल्याण के लिए उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस दौरान पूर्व विधायक कुंवरजी कोठार, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल महामंत्री कमल राठौर, राजेंद्र सर्वावत, गोकुल दंडवानी,आशुतोष वैद्य, रमेशचंद्र लववंशी, विनोद लववंशी, चांदमल दंडवानी, पार्षद सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।